दैनिक जागरण 14/03/2024

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने समझाया बेटा और बेटी में नहीं है कोई फर्क

एनएसएस कैंप लगाने वाली जीएमएन कालेज की टीम • सौजन्य विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता, अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज द्वारा गांव खुड्डा कलां में आयोजित कैंप में ग्रामीणों को समझाया कि बेटा और बेटी में कोई फर्क नहीं है। यह कैंप महाविद्यालय के हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने लगाया और गांव में रैली भी निकाली। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को कहा कि बेटा एवं बेटी में कभी भी भेद नहीं करना चाहिए। आज स्त्रियां नक्षत्रों तक की दूरी पर अपने हस्ताक्षर कर रही हैं। संगीत, कला, शिक्षा एवं विज्ञान के क्षेत्र में भी अपना परचम लहरा रही हैं। डा. रोहित दत्त ने बताया कि स्वयंसेवक गली-गली जाकर लोगों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें लिंग संवेदीकरण पर जागरूक कर रहे हैं। विद्यार्थियों ने नारा लगाकर दरवाजा खटखटाकर आपस में वार्तालाप कर लोगों को जागरूक किया। डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि आज विद्यार्थियों ने गांव के लोगों को सरकार द्वारा चल रही बेटियों के हित के लिए अलग-अलग सरकारी स्कीमों के बारे में बताया।

गणित विभाग और प्लेसमेंट सेल द्वारा इंटरनेशनल मैथमेटिक्स डे पर हाउस टू प्रिपेयर फार कांपिटिटिव एग्जाम्स विषय पर व्यख्यान का आयोजन किया, जिसमें सरिता सागवान मुख्य वक्ता रहीं। कार्यक्रम में गणित की अध्यक्ष डा. पिंकी, प्लेसमेंट सैल की अध्यक्ष डा. अनुपमा सिहाग, गणित विभाग के सहायक प्रोफेसर सुजाता गोयल सहित डा. राजेश मौजूद रहे।